न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :- 323/2021 तारीख 9/12/2021

अनवान

धर्मनारायण पिता स्वर्गीय मांगीलाल जाति ब्राह्मण निवासी बिजौलिया थाना पुलिस थाना तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)

.........प्रार्थी

बनाम

सत्तार पुत्र यासीन खा जाति मुसलमान निवासी आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के पीछे बिजौलिया पुलिस थाना बिजौलिया तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0)

.........विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

–: आदेश :–

दिनांक : 9/12/2021

प्रार्थना पत्र धर्मनारायण पिता स्वर्गीय मांगीलाल जाति ब्राहमण निवासी बिजौलिया थाना पुलिस थाना तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा (राज0) ने निवेदन किया है कि मेरे संयुक्त खाते भूमि मौजा ग्राम किशनपुरिया पटवार हल्का तहसील बिजौलिया में आराजी सं. 383/65 स्थित है कुल खसरा 1 क्षेत्रफल 0.8094 है0 भूमि जिसपर चोतरफा पत्थरो की कोट कर रखी है। विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया।

अतः प्रशासन गॉवों के संग अभियान–2021 में शिविर स्थान बिजौलियां **में पत्रावली पेश हुई हमनें पत्रावली का अवलोकन किया।**

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2074–2077 के अवलोकन से प्रार्थीगण वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट स्वीकार किया जाकर मौजा ग्राम किशनपुरिया पटवार हल्का तहसील बिजौलिया में आराजी सं. 383/65 स्थित है कुल खसरा 1 क्षेत्रफल 0.8094 है0 बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100/– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें। भू–अभिलेख निरीक्षक बिजौलिया कलां को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फीस 500/– रूपयें वक्त पत्थरगढी प्रार्थी मौके पर अदा करेंगा। प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया।

(प्रशासन गॉवों के संग अभियान-2021 ★ उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ ★)

(सीमा तिवाड़ी)
उपखण्ड अधिकारी
बिजौलिया

प्रशासन गांवों के संग अभियान-2021
(उपखण्ड अधिकारी)
बिजौलियाँ (भीलवाड़ा)